# इकोनोमिक कोरिडोर के निर्माण का प्रस्तुतिकरण दिया

**निर्देश**

विभागीय अधिकारियों की समन्वय समिति गठित करने के निर्देश दिए

**संवाददाता**

देहरादून। सचिवालय सभागार में मुख्य सचिव की अध्यक्षता में भारत सरकार द्वारा भारत माला परियोजना के अंतर्गत स्वीकृत दिल्ली–सहारनपुर–दून सड़क परियोजना के निर्माण का प्रस्तुतीकरण किया गया। ज्ञातव्य है, कि वर्तमान में जो यातायात मार्ग है उसमें देहरादून से दिल्ली जाने में लगभग 07 से 08 घण्टे का समय लगता है। इस परियोजना के निर्माण से देहरादून से दिल्ली के बीच की दूरी अब 206 कि0मी0 हो जाएगी और इस दूरी को तय करने में वर्तमान समय से तीन से चार घण्टे का समय कम लगेगा।

मुख्य सचिव उत्पल कुमार सिंह द्वारा भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण नई दिल्ली के अध्यक्ष एसएस संधू से विचार–विमर्श के दौरान परियोजना निर्माण कार्य में तेजी लाने के लिए विभागीय अधिकारियों की समन्वय समिति गठित करने के निर्देश दिए। इस कमेटी में अपर मुख्य सचिव लोनिवि, प्रमुख सचिवध सचिव वन एवं पर्यावरण आदि विभागों को सदस्य के रूप में शामिल करने के निर्देश दिए। बैठक में अपर मुख्य सचिव लोनिवि ओम प्रकाश, सचिव वन एवं पर्यावरण अरविन्द सिंह ह्यांकी, प्रमुख अभियन्ता लोनिवि हरिओम शर्मा, भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण दून के क्षेत्रीय अधिकारी सीके सिन्हा, सीजीएम नवीन कुमार, परियोजना निदेशक विभव मित्तल, परियोजना निदेशक रूड़की पीएस गुंसाई, मैनेजर एसके वर्मा, अनुसचिव लोनिवि डीके. पुनेठा, डीएफओ राजीव धीमान सहित राजमार्ग लोनिवि के अधिकारी उपस्थित थे।

## आठ पेटी अंग्रेजी शराब के साथ दो लोग गिरफ्तार



अंग्रेजी शराब के साथ पकड़े गए आरोपी।


**(संवाददाता)** देहरादून। थाना सहसपुर क्षेत्रांतर्गत चौकी धर्मावाला पुलिस ने 8 पेटी अंग्रेजी शराब चंडीगढ़ मार्का मय स्कोडा कार के साथ 2 शराब तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनों तस्करों के खिलाफ आबकारी अधिनियम में मुकदमा दर्ज किया है। अवैध मादक पदार्थ/नशे तस्करों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत थाना क्षेत्र में गश्त के दौरान धर्मावाला पुलिस टीम द्वारा फतेहपुर ग्रांट से दो शराब तस्कर लखविंदर पुत्र पुरुषोत्तम निवासी कहलवा थाना कपूरथला जिला जालंधर पंजाब व शिवराम पुत्र राजकुमार निवासी थाना सेक्टर 39 चंडीगढ़ को अवैध शराब तस्करी करने के जुर्म में गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने उनके पास से 8 पेटी अंग्रेजी शराब चंडीगढ़ मार्का बरामद की।


# Page Three Classified

**Adds can be booked under these Categories : (all day publication)**

Recruitment, Property, Business Opportunity, Vehicles, Announcements, Antiques & Collectables, Barter, Books, Computers, Domain Names, Education, Miscellaneous, Entertainment & Event, Hobbies & Interests, Services, Jewellery & Watches, Music, Obituary, Pets & Animals, Retail, Sales & Bargains, Health & Sports, Travel

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**


# मीट की दुकानों को बंद करने के विरोध में किया प्रदर्शन

## स्लाटर हाउस को पुनः व्यवस्थित करने को पालिका प्रशासन को आदेश दिए जाने का आग्रह

**प्रदर्शन**

**संवाददाता**



मीट की दुकानों को बंद किए जाने के विरोध में प्रदर्शन करते कांग्रेस कार्यकर्ता।

विकासनगर। पालिका प्रशासन द्वारा मीट की दुकानों को बंद करने से गुस्साए मीट व्यवसायियों ने शहर कांग्रेस कमेटी के बैनर तले तहसील कार्यालय में प्रदर्शन किया व इस संबंध में एक ज्ञापन एसडीएम विकासनगर को सौंपा। उन्होंने पालिका प्रशासन पर मीट व्यवसायियों का शोषण किए जाने का आरोप लगाते हुए पूर्व में संचालित स्लाटर हाउस को पुनः व्यवस्थित करने को पालिका प्रशासन को आदेश दिए जाने का आग्रह किया है।

जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष संजय किशोर ने एसडीएम विकासनगर को सौंपे ज्ञापन में आरोप लगाते हुए कहा कि पालिका प्रशासन विकासनगर क्षेत्रांतर्गत मीट व्यवसायियों की दुकानों को बंद किए जाने की कार्यवाही कर व्यवसायियों का आर्थिक व मानसिक शोषण कर उनका रोजगार छीन उनके परिवार के आगे रोजी रोटी का संकट पैदा करने का काम कर रही है। कहा पालिका क्षेत्र में पिछले 50–60 वर्षों से संचालित एक मात्रा पालिका के स्लाटर हाउस को पालिका प्रशासन ने बिना किसी कारण के वे बिना सूचना के ध्वस्त कर दिया गया जिसकी आपत्ति व्यवसायियों ने पालिका में 21 जनवरी को लिखित रूप से दर्ज करायी गई। लेकिन पालिका प्रशासन द्वारा कोई उत्तर व्यवसायियों को नहीं मिला। अब पालिका प्रशासन जिलाधिकारी के नाम का हवाला देकर स्लाटर हाउस न होने की बात कहकर व्यवसायियों को अपना मीट व्यवसाय बंद करने का नोटिस व कार्यवाही करने पर आमादा है और न ही पालिका द्वारा एनओसी जारी की जा रही है जिस कारण से खाद्य सुरक्षा प्राधिकरण द्वारा जारी लाईसेंस मीट व्यवसायियों को जारी नहीं हो पा रहा है। उन्होंने एसडीएम से पूर्व में संचालित स्लाटर हाउस को पुनः व्यवस्थित करने को पालिका प्रशासन को आदेश दिए जाने का आग्रह किया है। ज्ञापन देने वालों में कांग्रेस कमेटी पछवादून जिलाध्यक्ष संजय किशोर, पफरमान कुरैशी, राजू, पाली, सुनील, साजन, रजनीश किशोर, मुदस्सिर, कांग्रेसी नेता देवानंद पासी, अरविंद पासी, यूनुस कुरैशी, सभासद लवलेश शर्मा, राजीव शर्मा, महिला कांग्रेस अध्यक्ष कुसुम कौशल पूर्व सभासद सुमन लता आदि मौजूद रहे।

## न्यूज डायरी

### राष्ट्रीय पोषण मिशन के तहत महिलाओं को दी गई जानकारियां

**(संवाददाता)** विकासनगर। आंगनबाड़ी केंद्र साहिया में सामूहिक 'राष्ट्रीय पोषण मिशन' पोषण अभियान के अंतर्गत बुआरखेड़ा, अलसी, सकनी, ककाडी, कोरूवा, बडनू, दातनू, पानुवा प्रथम, रानी गांव प्रथम में विभिन्न गतिविधियों के तहत 'हैल्थी बेबी शो, दादी अम्मा शो व भावी मम्मी शो' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बच्चो के नियमित टीकाकरण व आहार, गर्भवती महिलाओं के टीटी के टीके व चार स्वास्थ्य जांचों से संबंधित व सही खान पान और एनिमिया से संबंधित जानकारी दी गई। कार्यक्रम आंगनबाडी कार्यकत्रियों में बिन्दु रानी, रेखा चौहान, दीपा पंवार, सुमन, अनिता, शर्मिला, सीमा, ममता, कविता, वनिता आदि शामिल थी।

### परमार्थ निकेतन में फिल्म पद्मावती के लेखक तेजपाल धामा और अन्य सहयोगी पधारे

**(संवाददाता)** ऋषिकेश। परमार्थ निकेतन में फिल्म पद्मावती के लेखक तेजपाल धामा जी संगीत निर्देशक कुमार चंद्रहास, निर्माता निर्देशक नीरा नागिन, विश्वबंधु, सीईओ सनातन टीवी लोकेश शर्मा पहुंचे। उन्होंने परमार्थ निकेतन के परमाध्यक्ष स्वामी चिदानन्द सरस्वती जी महाराज से भेंटवार्ता की। चर्चा के दौरान स्वामी जी ने कहा कि फिल्मों के माध्यम से भारत की गौरवमयी संस्कृति और राष्ट्र के कार्यो को आगे बढ़ाने तथा जन मानस को इसके प्रति जागृत करने और राष्ट्रवादी संस्कृति के साथ भारत का गौरवशाली इतिहास पर आधारित फिल्में बनायी जानी चाहिये। साथ ही अप्रैल माह में परमार्थ निकेतन में एकल विद्यालयों को समर्पित कथा का आयोजन किया जा रहा है इस पर भी विस्तृत चर्चा हुई।

### जनता दरबार में 31 शिकायतें दर्ज, ज्यादातर का मौके पर हुआ निस्तारण

**(संवाददाता)** हरिद्वार। जिलाधिकारी सी0 रविशंकर की अध्यक्षता में रोशनाबाद स्थित कलेक्ट्रेट सभागार में प्रत्येक सोमवार को लगने वाले जनता मिलन में कुल 31 शिकायतें प्राप्त हुई। जिलाधिकारी द्वारा अधिकतर शिकायतो का मौके पर ही निस्तारण किया गया तथा शेष समस्याओं को संबंधित अधिकारियों को प्रेषित कर एक सप्ताह मे निस्तारण करने के निर्देश जिलाधिकारी ने दिये तथा कहा कि जनता मिलन तथा सी.एम हेल्प लाइन पर शिकायतों के सम्बन्ध में अधिकारी खानापूर्ति न करे, जो समय दिया जाता है उसके सापेक्ष समय से उसका निस्तारण करे।

जनता मिलन में अधिकतर शिकायते जमीनी विवाद, चकबन्दी, बिजली, पानी, अतिक्रमण, अवैध कब्जे, पैमायश, जलभराव की रही।

# मुख्यमंत्री ने किया श्रीनगर सरस मेले का शुभारम्भ

**संवाददाता**



देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने सोमवार को श्रीनगर में 10 दिवसीय सरस मेले का शुभारम्भ किया। उन्होंने कहा कि मेले हमारी पहचान है। अपनी पहचान एवं परम्परागत उत्पादों को बढ़ावा देने, अपनी संस्कृति एवं कला को प्रदर्शित करने का भी हमारे परम्परागत मेले प्रभावी माध्यम है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखण्ड राज्य निर्माण के लिये अपना बलिदान देने तथा संघर्ष करने वाले राज्य आंदोलनकारियों के सपनों का उत्तराखण्ड भी अब अपनी पहचान बनाने लगा है। अपनी परम्पराओं को बढ़ावा देने के लिये हमने राज्य की आवास नीति में बदलाव कर उत्तराखण्डी फसाड भवन शैली को इसमें शामिल किया गया है। इस शैली में भवन निर्माण करने वालों को एक स्टोरी और बनाने की अनुमति दी जायेगी। हमारी भवन शैली खूबसूरत है हमने अपनी इस निर्माण कला को छोड दिया था। उन्होंने कहा कि हमने पहाड़ की बद्री गाय को बढ़ावा देने के लिये भी प्रयास किये हैं। बद्री गाय का दूध 900 रू0 किलो बिक रहा है। रिसर्च में यह तथ्य भी सामने आया है कि एक बद्रीगाय के गोबर से 20 नाली जमीन के लिये खाद तैयार की जा सकती है। इस प्रकार अपनी परम्पराओं से जुड़ कर हम भविष्य का रास्ता तय कर रहे हैं।

इस अवसर पर सहकारिता एवं उच्च शिक्षा राज्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने कहा कि मुख्यमंत्री के प्रयासों से इस प्रकार के मेलों का आयोजन देहरादून से अलावा प्रदेश के अन्य क्षेत्रों में भी किया जा रहा है। उन्होंने इस प्रकार के आयोजन को पहाड़ के लिये नई पहल बताते हुए कहा कि मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र ने श्रीनगर के विकास के लिए विशेष पहल की है।

## जनगणना कार्यशाला आयोजित, प्रथम चक्र की मतगणना 01 मई से 14 जून तक

**(संवाददाता)** देहरादून। 'जनभागीदारी से जन कल्याण' भारत की जनगणना 2021 को लेकर आज यहां कलेक्ट्रेट सभागार में उप निदेशक जनगणना कार्य निदेशालय उत्तराखण्ड एस.एस नेगी ने चार्ज अधिकारियों एवं सहायक चार्ज अधिकारियों को दो दिवसीय में दृश्य एवं श्रव्य के माध्यम से जानकारी उपलब्ध कराई गई। इस अवसर पर उन्होंने चार्ज अधिकारियों एवं सहायक चार्ज अधिकारियों को अवगत कराया गया कि जनगणना के प्रथम चक्र 01 मई से 14 जून 2020 तक में मकानों का सूचीकरण, प्रगणकों एवं सुपर वाईजरों की नियुक्ति के अलावा मास्टर ट्रेनरों द्वारा जनगणना के तहत् आंकड़ों के संकलन का कार्य करने हेतु प्रशिक्षण दिया जायेगा तथा दुसरा चरण 09 से 28 फरवरी 2021 तक, प्रगणक द्वारा घर–घर जाकर प्रत्येक व्यक्ति की जानकारी ली जायेगी। उन्होंने जनगणना कार्य के व्यापक प्रचार–प्रसार हेतु चार्ज अधिकारियों को समयबद्ध रूप से कार्ययोजना बनाने को कहा।